## अमर उजाला

# एम्सः उत्तराखंड के मरीजों के लिए शुरू हुआ अलग ओपीडी काउंटर

संवाद न्यूज एजेंसी

ऋषिकेश। एम्स में उत्तराखंड के स्थानीय रोगियों के लिए अलग से ओपीडी पंजीकरण काउंटर शुरू कर दिया गया है। काउंटर पर राज्यवासियों को पंजीकरण और बिलिंग सुविधा में प्राथमिकता दी जाएगी।

बुधवार को संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह व स्थानीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने रिबन काटकर अस्पताल के भू-तल पर स्थित पंजीकरण एरिया में इस काउंटर का उद्घाटन किया। संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि इस काउंटर पर उत्तराखंड के स्थानीय रोगियों को रोगी पंजीकरण संबंधी कार्यों में विशेष सुविधा मिलेगी।

क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि एम्स में लगातार बढ़ रहे रोगियों की संख्या को देखते हुए स्थानीय रोगियों को पंजीकरण में दिक्कतों का सामना करना

### कार्यकारी निदेशक व स्थानीय विधायक ने किया उद्घाटन



काउंटर का उद्घाटन करते प्रेमचंद अग्रवाल और एम्स निदेशक प्रो.मीनू सिंह। स्रोत : एम्स

पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि इस मामले में उन्होंने एम्स प्रशासन से अनुरोध कर राज्यवासियों के लिए अतिरिक्त काउंटर खोलने की मांग की थी।

इस अवसर पर उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार, डॉ. विकास पंवार, पीआरओ डॉ. संदीप कुमार सिंह, उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमांडेंट अनिल चंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## हिन्दुस्तान

एक काउंटर पर मिलेगी सभी सुविधाएं, विधायक प्रेमचंद-और एम्स निदेशक मीनू ने किया काउंटर का लोकार्पण

# एम्सः प्रदेशवासियों के लिए अलग काउंटर

**अच्छी खबर**

ऋषिकेश, संवाददाता। एम्स ऋषिकेश में अब उत्तराखंड के नागरिकों के लिए अलग से विशेष काउंटर खोला गया है। इस काउंटर पर ओपीडी पंजीकरण, बिलिंग, डिस्चार्ज एवं ओपीडी से संबंधित सेवाएं उपलब्ध होंगी।

बुधवार को एम्स ऋषिकेश में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें एम्स निदेशक प्रो. मीनू सिंह और स्थानीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर नवीन एकीकृत ओपीडी काउंटर का लोकार्पण किया। विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्रीय जनता को स्वास्थ्य सेवाओं में आ रही कठिनाइयों को देखते हुए वे लंबे समय से इस सुविधा को प्रारंभ कराने के लिए प्रयासरत थे।

उन्होंने कहा कि इस दिशा में एम्स प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ निरंतर पत्राचार एवं संवाद किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आज यह सुविधा साकार रूप में जनता को समर्पित हो सकी है। उन्होंने एम्स प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने में मील का पत्थर साबित होगी।

विधायक ने कहा कि इस आधुनिक सुविधा के प्रारंभ होने से अब उत्तराखंड के मरीजों को एक ही काउंटर पर ओपीडी पंजीकरण, बिलिंग, डिस्चार्ज एवं आईपीडी से संबंधित सेवाएं उपलब्ध होंगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को विभिन्न काउंटरों के बीच भटकने की परेशानी से भी राहत मिलेगी।

मौके पर एम्स के जनसंपर्क अधिकारी संदीप सिंह, उप चिकित्सा निदेशक डॉ विक्रम सिंह, उपचिकित्सा अधीक्षक डॉ. गौरव चिकारा, ग्राम प्रधान असेना सुषमा बिष्ट, सिराई ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगदंबा प्रसाद सेमवाल समेत भाजपा नेताओं में मनोज ध्यानी, सुरेंद्र सिंह, चंद्र मोहन पोखरियाल, सुमित पंवार, कौशल बिजलवान, दीपक बिष्ट, राम सिंह पंवार, बृजमोहन मनोरी, सुधा असवाल, पिंकी धस्माना, पूजा गौड़ आदि उपस्थित रहे।



- मरीजों को काउंटर-काउंटर भटकना नहीं पड़ेगा
- पंजीकरण, बिलिंग, ओपीडी से संबंधित सेवाएं मिलेंगी

### पर्वतीय क्षेत्रों के मरीजों को मिलेगा सीधा लाभ

नए काउंटर से विशेष रूप से उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों से आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को राहत मिलेगी। ओपीडी पंजीकरण, बिलिंग, आईपीडी और डिस्चार्ज जैसी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से समय बचेगा और अनावश्यक भागदौड़ खत्म होगी।

एम्स में बुधवार को उत्तराखंड के लोगों के लिए विशेष काउंटर का लोकार्पण करते निदेशक प्रो . मीनू और विधायक प्रेमचंद।

# दैनिक जागरण

# एम्स में उत्तराखंडवासियों के लिए अलग ओपीडी पंजीकरण काउंटर

जागरण संवाददाता, ऋषिकेश: एम्स ऋषिकेश में उत्तराखंड वासियों के लिए अलग से ओपीडी पंजीकरण काउंटर की सुविधा शुरू कर दी है। इस काउंटर पर राज्यवासियों को रोगी पंजीकरण और बिलिंग सुविधा में वरीयता दी जाएगी।

बुधवार को संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह की मौजूदगी में क्षेत्रीय विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने रिबन काटकर अस्पताल के भू-तल पर स्थित पंजीकरण एरिया में इस काउंटर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि इस काउंटर पर उत्तराखंड के लोगों को रोगी पंजीकरण संबंधी कार्यों में विशेष सुविधा मिलेगी। क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि एम्स में लगातार बढ़ रहे रोगियों की संख्या को देखते हुए स्थानीय रोगियों को पंजीकरण में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि इस मामले में उन्होंने एम्स प्रशासन से अनुरोध कर राज्यवासियों के लिए अतिरिक्त काउंटर खोलने की मांग की थी। एम्स अस्पताल में राज्यवासियों के लिए अतिरिक्त पंजीकरण काउंटर खोले जाने पर उन्होंने एम्स प्रशासन और संस्थान निदेशक का आभार जताया।

इस दौरान उप चिकित्सा अधिकारी डा. रवि कुमार, डा. विकास पंवार, संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी डा. संदीप कुमार सिंह, उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमांडेंट अनिल चंद्र सिंह, पीपीएस विनीत कुमार, विश्वजीत कुमार, ग्राम प्रधान असैना सुषमा बिष्ट, सिराई ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जगदंबा प्रसा सेमवाल, भाजपा ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी, वीरभ मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, श्यामपु मंडल अध्यक्ष चंद्र मोहन पोखरियाल आदि मौजूद रहे।



एम्स में उत्तराखंडवासियों के लिए अलग पंजीकरण काउंटर का शुभारंभ करते क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद अग्रवाल और एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह • एम्स

## एम्स में सात साल में दूसरी बार कटा अलग काउंटर का फीता

एम्स में उत्तराखंड के मरीजों के लिए अलग काउंटर का फीता दूसरी बार कटा है। इससे पहले वर्ष 2019 में तत्कालीन महापौर अनीता ममगाई ने काउंटर का उद्घाटन किया था। एम्स ऋषिकेश में प्रतिदिन की ओपीडी औसतन 2500 से अधिक रहती है। ओपीडी का पर्चा बनाने से लेकर बिलिंग आदि में समय लगता है। राज्य के निवासियों के लिए अलग से काउंटर खोलने की मांग पहले भी उठती रही है। तत्कालीन महापौर अनीता ममगाई ने तब तत्कालीन एम्स निदेशक प्रो. रविकांत को ज्ञापन सौंपकर राज्य के लोगों के लिए अलग काउंटर खोलने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। एम्स निदेशक ने संज्ञान लेते हुए दो अलग काउंटर खोलने के आदेश जारी किए थे। 14 दिसंबर 2019 को तत्कालीन महापौर ने अलग काउंटर का उद्घाटन किया था। बाद में यह काउंटर बंद हो गया था। अब एक बार फिर से अलग से काउंटर शुरू किया गया है। एम्स के जनसंपर्क अधिकारी डा. संदीप कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में खोले गए काउंटर को कोविड के दौरान बंद करना पड़ा था। उसके बाद अलग-अलग प्रोटोकाल आते रहे। अब राज्यवासियों के लिए अलग से काउंटर खोल दिया गया है।

# स्वतंत्र चेतना

# एम्स में आने वाले उत्तराखंड के मरीजों के लिए बड़ी राहत

## पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने एम्स में उत्तराखंड वासियों के लिए बनाए गए ओपीडी पर्चा काउंटर का किया उद्घाटन

स्वतंत्र चेतना

ऋषिकेश। ऋषिकेश एम्स में आने वाले उत्तराखंड के मरीजों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। स्थानीय विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने आज ऋषिकेश एम्स में विशेष रूप से उत्तराखंड वासियों के लिए बनाए गए ओपीडी पर्चा काउंटर का रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन कर दिया है।



इस अवसर पर एम्स की डायरेक्टर प्रोफेसर मीनू सिंह समेत संस्थान के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मौके पर प्रेमचंद अग्रवाल ने एम्स की डायरेक्टर प्रोफेसर मीनू सिंह का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश में लगातार बढ़ रही मरीजों की भीड़ को देखते हुए उन्होंने निदेशक से उत्तराखंड और ऋषिकेश के लोगों के लिए एक अलग काउंटर खोलने का अनुरोध किया था। उन्होंने बताया कि इसी तर्ज पर जल्द ही जन औषधि केंद्र पर भी उत्तराखंड वासियों के लिए एक अलग से विशेष काउंटर स्थापित किया जाएगा। जिससे स्थानीय लोगों को दवाइयां लेने में भी सुविधा होगी। एम्स में बेड की किल्लत और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े सवाल पर पूर्व मंत्री ने कहा कि एम्स में केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि भारी संख्या में बाहरी राज्यों से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। बेड की कमी को दूर करने के लिए एम्स को 200 एकड़ अतिरिक्त भूमि आवंटित करने का एक प्रस्ताव पहले से ही विचाराधीन है। अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि वे इस विषय में मुख्यमंत्री से भी वार्ता कर चुके हैं और आने वाले समय में एम्स को अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे।

# दैनिक दर्पण

# एम्स ऋषिकेश में उत्तराखंड के मरीजों के लिए अलग पंजीकरण काउंटर शुरू, मिलेगी प्राथमिकता



ऋषिकेश (दैनिक दर्पण राजमार्ग)। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ऋषिकेश में उत्तराखंड के स्थानीय मरीजों की सुविधा के लिए अलग ओपीडी पंजीकरण एवं बिलिंग काउंटर शुरू कर दिया गया है। इस काउंटर पर राज्य के मरीजों को पंजीकरण और बिलिंग संबंधी कार्यों में प्राथमिकता दी जाएगी।बुधवार को संस्थान की कार्यकारी निदेशक प्रो. मीनू सिंह की उपस्थिति में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने रिबन काटकर नए काउंटर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि नई व्यवस्था से स्थानीय मरीजों को ओपीडी पंजीकरण में होने वाली असुविधा से राहत मिलेगी और उन्हें अधिक सुगमता से सेवाएं प्राप्त होंगी।विधायक प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि एम्स में लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या के कारण उत्तराखंड के लोगों को पंजीकरण में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। उनकी मांग पर एम्स प्रशासन ने राज्यवासियों के लिए अलग पंजीकरण काउंटर शुरू किया है, जिससे स्थानीय मरीजों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने इस पहल के लिए एम्स प्रशासन का आभार भी व्यक्त किया। उद्घाटन कार्यक्रम में उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार, डॉ. विकास पंवार, पीआरओ डॉ. संदीप कुमार सिंह, उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी कमांडेंट अनिल चंद्र सिंह, पीपीएस विनीत कुमार, विश्वजीत कुमार सहित संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।